# दैनिक कोटा ब्यूरो

कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, टोंक एवं सवाईमाधोपुर से प्रसारित

आर.एन.आई.नं. 48487/89

वर्ष 36 अंक 45 आर.जे.के.टी . 43306 | E mail: kotabureau_7@yahoo.co.in kotakbnews@gmail.com | शनिवार, 15 फरवरी 2025 | M. 98290-35357, 95499-00005, 95499-00006 | मूल्य 1. 50 रूपये


## कोटा में एनएच 27 पर स्लीपर बस पलटी, ,60 से ज्यादा यात्री सवार थे

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन हादसा हो गया। आज तड़के तेज स्पीड में निजी बस पलट गई, जिसमें 12 से 15 यात्री चोटिल हो गए। उन्हें इलाज के लिए कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल लाया गया। स्लीपर बस गुजरात के अहमदाबाद से एमपी के भिंड मुरैना जा रही थी। सिमलिया थाना पुलिस ने बताया- हादसा एनएच 27 पर पोलाईकला में गत्ता फैक्ट्री के पास हुआ है। बस डिवाइडर के पास बेकाबू होकर पलट गई। 60 से 70 यात्री सवार थे, जिसमें से 12 से 15 सवारियों को चोट लगी है। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से कोटा एमबीएस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद अधिकतर यात्रियों को डिस्चार्ज कर दिया गया। यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया है। सम्भवतया ड्राइवर को नींद की झपकी लगने से बस अनबैलेंस होकर डिवाइडर के पास जाकर पलट गई।


**मद्रास टायर**

**3डी व्हील एलाईमेन्ट शॉप**



हमारे यहां सभी फोर व्हीलर गाड़ियों का ऐलाईमेन्ट, बेलेन्सिंग, रिम बैण्ड का कार्य किया जाता है। नये टायर एवं पुराने टायर भी मिलते हैं।

पता: 14 नई धानमंडी गेट डी सी एम रोड़, ओम पेट्रोल पम्प के सामने

मो. 9352027100, 8005536964


## डिनर विद कलेक्टर : कोचिंग छात्राओं को मिला सम्बल

### जीवन के उतार-चढ़ाव से सीखने की प्रेरणा दी जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। कोचिंग विद्यार्थियों के मानसिक संबलन और उनकी चुनौतियों को समझने के उद्देश्य से कामयाब कोटा एवं कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी शुक्रवार को लैंडमार्क, कुन्हाड़ी स्थित रामानुज मेंशन गर्ल्स हॉस्टल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के साथ डिनर किया और उनके साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और मार्गदर्शन दिया।

***असफलता से घबराएं नहीं, हमेशा प्लान बी रखें***

छात्राओं से बातचीत के दौरान कलेक्टर ने कहा कि असफलता से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को हमेशा एक प्लान बी तैयार रखने की सलाह दी और कहा कि कोचिंग के दौरान दूसरे करियर विकल्पों पर भी विचार करना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन के उतार-चढ़ाव से सीखें और कभी भी खुद की तुलना दूसरों से न करें।

***तनाव से बचने के लिए सकारात्मक गतिविधियोंमेंशामिल हों***

कलेक्टर ने छात्राओं को ओवरथिंकिंग से बचने और दिन में एक बार अपने परिवार से बात करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि कभी तनाव महसूस हो तो खुद को किसी एक्टिविटी में व्यस्त करें, ताकि नकारात्मक विचारों से बचा जा सके। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि नकारात्मकता को अपने दिमाग पर हावी न होने दें।

***स्वास्थ्य का भी रखें ध्यान, संतुलित आहार और धूप में जाने की सलाह***

जिला कलेक्टर ने छात्राओं को स्वस्थ आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि वे विटामिन सी और कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में शामिल करें। उन्होंने प्रतिदिन धूप में कुछ समय बिताने की भी सलाह दी, ताकि शरीर को आवश्यक पोषण और ऊर्जा मिल सके।

***भावनात्मक जुड़ाव: छात्राओं ने गाए गीत, भावुक कविता ने किया भाव-विभोर***

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रा शालिनी ने अपने पिता को समर्पित एक भावुक कविता सुनाई, जिससे माहौल भावनात्मक हो गया। वहीं, अन्य छात्राओं ने भी विभिन्न गीत प्रस्तुत किए। इस आत्मीय संवाद में जिला कलेक्टर ने भी अपनी ओर से प्रेरणादायक गीत सुनाए और सभी को प्रोत्साहित किया।

***समाज का सहयोग भी रहेगा जारी***

इस अवसर पर चंबल हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने कोटा में पढ़ने आए विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और सकारात्मक माहौल बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई

## वीरांगनाओं, भारत माता के सपूतों व शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया

### शिविर में 265 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। सर्व ब्राह्मण समाज संभाग अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने सभी इकाइयों के साथ भारत माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। युवा प्रकोष्ठ एवं जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा बबलू ने बताया कि कार्यक्रम में कोटा जिला एवं सेशन न्यायाधीश सत्यनारायण व्यास, ग्रामीण दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा , जिला ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रेम भाटिया जिला पावरलिफ्टिंग संघ अध्यक्ष अजय शर्मा , ए आर एन ग्रुप के अध्यक्ष नीरज शर्मा जिला भीबॉडीबिल्डिंग संघ अध्यक्ष विवेक राजवंशी मौजूद रहे कार्यक्रम संयोजक जसपाल अहलूवालिया एवं अशोक आदित्य ने बताया कि जिन शहीदों के परिजन एवं वीरांगनाओं का सम्मान किया उनमें प्रमुख मधुबाला मीणा, वीरांगना, कमलेश मीणा, वीरांगना एडमिरल , कर्नल रघुराज सिंह , जीएस चौहान, शौर्य चक्र विजेता,लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अरविंद जैन, विंग कमांडर प्रदीप भाई, कैप्टन जीएस राठौर, लेफ्टिनेंट कर्नल शेर सिंह, कैप्टन बिरधी लाल सुमन,सत्यनारायण वैष्णव लेफ्टिनेंट, सूबेदार रघुनंदन पालीवाल, सूबेदार गजानन यादव, मनोज हरनोवा, सूबेदार नवीन पंत, नरेंद्र सिंह, ललित रजकर, दीनदयाल नागर , रमेश मीणा रिटायर्ड जज आदि प्रमुख थे। स्वागत समिति के सदस्य नवीन शर्मा अर्पित शर्मा संजीव शर्मा आशुतोष्ट्रीय शरद शर्मा ललित शर्मा रोहित शर्मा अरुण गौतम लोकेश सुमन राजेश कसेरा जगदीश मीणा सहित सभी रक्तदाताओं का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम में 265 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ, इस अवसर पर समाजसेवी जगमोहन सिंह आहलूवालिया एवं श्रीमती गुरविंदर सिंह आहलूवालिया बाबूलाल शर्मा सुरेश उपाध्याय एवं भागीरथ शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अनिल शर्मा, भागीरथ शर्मा, ललित शर्मा, रोहित शर्मा, बालचंद फौजी, कवि नरेश निर्भीक भी उपस्थित थे।

**रक्तदान महादान**

## मातृ-पितृ चरण वंदन दिवस पर बच्चों ने लिया आशीर्वाद, धोए माता-पिता के चरण

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। मातृ-पितृ चरण वंदन दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता के चरण धोकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों में माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के संयोजक लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सचिव दीपक गुप्ता व भूमिका गुप्ता के अनुसार इस दौरान , बच्चों ने विधिपूर्वक अपने माता-पिता के चरण धोए, उन्हें तिलक लगाया, पुष्प अर्पित किए और आरती उतारी। इसके पश्चात, माता-पिता ने अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पोरवाल युवक संघ के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता व राजकुमारी गुप्ता , कोटरी व्यापार संघ के महासचिव पुरेंद्र गुप्ता शोभा गुप्ता, दादाबाड़ी छोटे चौराहे व्यापार संघ सदस्य प्रदीप गुप्ता मधु गुप्ता उपास्थित थे । रवींद्र कुमार गुप्ता ने कहा, माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके प्रति सम्मान प्रकट करना हमारी संस्कृति की विशेषता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। लायन क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक भुवनेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इस अवसर पर अंशुल , अपरम, प्रेक्षा , चरवी व अंकित आदि बच्चो ने माता पिता के चरण धोए, पोंछ, उनकी पूजा की व ईश्वर से उनके दीर्घायु की कामना की ।

## 28 लाख की धोखाधड़ी मामले में महिला अनीसा खान गिरफ्तार

### फर्जी दस्तावेज बना 2 प्लॉट बेच दिये 40 लाख में, 28 लाख ले भी लिये

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। विज्ञान नगर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से दो प्लाट बेचकर 28 लाख रूपए हड़पने की आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है।


थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि फरियादी अनुज ढाडा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसे गुमानपुरा थाना क्षेत्र के छावनी नगर निगम कॉलोनी निवासी अनीसा खान पत्नी फारूख ने महावीर नगर तृतीय में स्थित दो प्लाट 11 बी 19 व 20 को अपना बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उससे 40 लाख रूपऐ में सौदा किया।

दोनो प्लाट का सौछा होने पर उसने उससे 28 लाख रूपए ले लिए। बाद में उसे पता चला कि दोनो प्लाट के फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे बेचे थे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अनुसंधान में दोषी पाये जाने पर आरोपी महिला अनीसा खान को गिरफ्तार किया था। आरोपी महिला का शुक्रवार को अधीनस्थ न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमाण्ड पर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी महला अनीसा खान पूर्व में नगर निगम में कर्मचारी थी वहां भी रिश्वत के मामले में निगम प्रशासन ने उसे निलम्बित कर दिया था। बताया गया है कि उक्त प्रकरण की भी विभागीय स्तर पर जांच विचाराधीन है।

## दिन दहाड़े घर में घुसकर सोने के गहने चुराए महिला ने

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। गुमानपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिन दहाड़े अज्ञात महिला घर में घुसकर सोने के गहने चुरा ले गई। चोरी की रिपोर्ट मकान मालिक ने थाने में दर्ज करवाई है। छावनी निवासी राजस्थान पत्रिका के सर्कुलर इंचार्ज इंसाफ मोहम्मद ने बताया कि शुक्रवार को दिन मे 12 बजे अज्ञात महिला उसके मकान में घुस गई। महिला कमरे में रखा सोने का मंगलसूत्र सोने की कान की बाली व डायमंड की नोजरिंग चुरा ले गई। चोरी की रिपोर्ट उसने थाने में दर्ज करवाई है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें एक महिला गहने चुराकर जाती हुई दिखाई दे रही है। कैमरे के फुटेज उसने पुलिस को सौंप दिए है। पुलिस ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## नए टेंडर होने तक श्वान नसबंदी की वैकल्पिक व्यवस्था करे नगर निगम

### - हम लोग संस्था ने नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त को लिखा पत्र
### - तत्काल जारी करे नए टेंडर, अधिक समय लगा तो डॉग्स की संख्या में कमी के प्रयासों को लग जाएगा धक्का

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव ने नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्र के श्वानों के बधियाकरण के ठेके को निरस्त कर दिए जाने से एक बार फिर कोटा शहर में श्वानों की संख्या में कमी के प्रयासों की गति पर ब्रेक लग गए हैं। हम लोग संस्था ने इस पर चिंता जताई है। हम लोग संस्था के संयोजक डॉ सुधीर गुप्ता ने इस मामले में नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी कॉन्ट्रैक्टर फर्म के कार्यों में लापरवाही या कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों को पूरा नहीं करने पर उसका टेंडर निरस्त करने का अधिकार है और यह निगम का अपना मामला है, लेकिन श्वानों के बधियाकरण का कार्य बंद हो जाने का असर कोटा शहर की जनता पर पडेगा। कोटा शहर की जनता अपने-अपने मोहल्लों व सड़कों पर बढ़ती श्वानों की संख्या व उनके आंतक से परेशान है। कई बुजुर्ग व बच्चे इन श्वानों के शिकार हो चुके हैं। लोगों का अपने घरों से खासकर रात में बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। बुजुर्ग लोग मॉर्निंग वॉक पर जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में नगर निगम कोटा दक्षिण में लगातार हो रहे श्वानों के बधियाकरण के कार्य से कोटा दक्षिण निगम क्षेत्र में श्वानों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि पर कुछ हद तक लगाम लगी थी, लेकिन अब संबंधित फर्म का ठेका निरस्त कर दिए जाने से श्वानों के बधियाकरण का कार्य बंद हो गया है। ऐसे में निगम की ओर से इस कार्य में जो सफलता मिलती दिख रही थी, वह फिर से नाकाम होती दिख रही है। यदि इस कार्य में ब्रेक लगा तो श्वानों की संख्या में अत्यधिक तेजी से वृद्धि होगी तथा पूर्व में किए गए प्रयासों पर पानी फिर जाएगा।

***वैकल्पिक व्यवस्था करें निगम***

हम लोग संस्था के संयोजक डॉ.सुधीर गुप्ता ने कहा कि जब तक श्वानों को पकडने व उनके बधियाकरण के नए टेंडर नहीं हो जाते तब तक नगर निगम कोटा दक्षिण को इस कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए ताकि श्वानों के बधियाकरण का कार्य नियमित चलता रहे। इसके लिए नगर निगम कोटा दक्षिण मौजूदा फर्म को भी जब तक नए टेंडर जारी नहीं हो जाते कार्य जारी रखने के लिए कह सकता है और यदि मौजूदा फर्म वैकल्पिक रूप से कार्य करने के लिए तैयार नहीं है तो निगम इसके लिए विज्ञप्ति जारी कर इस तरह का कार्य करने में सक्षम किसी अन्य फर्म को कुछ समय के लिए प्रति श्वान बधियाकरण की दर तय कर कार्य सौंप सकती है। इससे नई फर्म के कार्यों को भी परखा जा सकता है। नए टेंडर को पाने के लिए इस तरह का कार्य करने वाली कोई भी संस्था वैकल्पिक तौर पर कार्य करने के लिए तैयार हो सकती है। डॉ सुधीर गुप्ता ने कहा कि हम लोग संस्था का उद्देश्य यह है कि शहर में श्वानों के आंतक को कम करना है तो श्वानों के बधियाकरण के कार्य को अनवर्त व अधिक से अधिक संख्या में जारी रखना होगा, यदि इस कार्य में बाधा उत्पन्न हुई तो इस काम में सफलता मिलना काफी मुश्किल है।

## सांगोद में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास आज

### ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर करेंगे सांगोद में जनसुनवाई

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

**बृज मोहन राठौर**



सांगोद, 14 फरवरी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को अपराह्न 1 बजे नगर पालिका सांगोद में 4 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी राजेंद्र नागर ने बताया कि श्रीनागर एक करोड़ की लागत से नगर पालिका क्षेत्र सांगोद में बनने वाली विभिन्न सड़कों का शिलान्यास करेंगे। वहीं 2.76 करोड़ की लागत से बनने वाले नालों के निर्माण का शिलान्यास भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि ऊर्जा मंत्री श्री नागर के द्वारा 56.70 लाख की लागत से निर्मित मेन रोड से खराड़ा के हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क के निर्माण का लोकार्पण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्रीनागर सांगोद नगर पालिका में आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर जनसुनवाई भी करेंगे। जिसमें अधिकारी, कर्मचारी जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## लाखेरी : चोरी की 5 वारदातों का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

लाखेरी 14 फरवरी। बूंदी के लाखेरी में पुलिस ने लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नशे की लत के कारण पांच चोरियां करना स्वीकार किया है। पुलिस अब चोरी के सामान की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। लाखेरी एसएचओ सुभाष शर्मा के अनुसार करवर निवासी अर्जुन नायक और शाहरुख को साईं जी का तकिया इलाके में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कस्बे में अन्य चोरियों को भी अंजाम देना स्वीकार किया। पिछले कुछ दिन में कस्बे में दिनदहाड़े पांच अलग-अलग स्थानों पर चोरियां हुई थीं। बदमाशों ने गणेशपुरा पानी की टंकी के पीछे, चरण दास बालाजी, साईं जी का तकिया, लक्ष्मी विहार कॉलोनी और शंकरपुरा में सूने मकानों को निशाना बनाया था।

# एस पी ऋचा तोमर ने सी एल जी की बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

## साइबर ठगी, यातायात नियमों के बारे में दी जानकारी गंगधार व्यापार संघ के सहयोग से किया हेलमेट का वितरण

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**आबिद हुसैन**



चौमहला 14 फरवरी। झालावाड़ जिले गंगधार पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चौमहला गंगधार, उन्हेल नागेश्वर, डग के सीएलजी सदस्यों , गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया साथ ही व्यापार संघ के सहयोग से हेलमेट वितरण किए गए।

बैठक में यातायात व्यवस्था, गंगधार, चौमहला, कस्बे हो रहे अतिक्रमण, साइबर ठगी, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, गंगधार थाने में स्टाफ की कमी आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने सड़क दुर्घनाओं को रोकने के लिए सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने सभी से हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने आशा व्यक्त की बैठक के बाद लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आयेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोतम जैन, सरपंच प्रतिनिधि अशोक भंडारी ने कस्बे में ट्रैफिक पुलिस लगाने, थाने में रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति करने की मांग रखी, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया ने स्थानीय वाहन चालकों का टोल फ्री करवाने की बात रखी, पिंकी डोसी ने नाबालिक बच्चों द्वारा तेजगति से वाहन चलाने पर रोक थाम के लिए समझाइश शिविर आयोजित करने का सुझाव रखा, उन्हेल के सीएलजी सदस्यों ने उन्हेल में महिला कांस्टेबल लगाने की मांग रखी। जिस पर उन्होंने उन्हेल में दो महिला कांस्टेबल लगाने , गंगधार थाने में जाप्ता बढ़ाने का आश्वासन दिया। बैठक के बाद व्यापार संघ के सहयोग से हेलमेट वितरण किए गए। बैठक में उपखंड अधिकारी छत्र पाल सिंह चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक। जय प्रकाश अटल, थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी, उन्हेल नागेश्वर थाना प्रभारी रामनारायण कटारिया, व्यापार संघ अध्यक्ष मनोहर ओसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन, सरपंच प्रतिनिधि अशोक भंडारी, गंगधार सरपंच प्रतिनिधि कालुसिंह, व्यापार महासंघ सयोजक दिलीप जैन, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया , व्यापार संघ उपाध्यक्ष कान्हा राठौर, जिला परिषद प्रतिनिधि, अशोक गायरी, अंजुमन कमेटी सदर अमजद अली, गंगधार सदर सलीम खान, जगदीश अग्रवाल, अशोक पोरवाल, देवीसिंह विलावली, आदित्य कटारिया, धर्मचंद जैन, गोविंद पंजाबी, भव्य गुप्ता, द्वारका दास सारडा, दिलीप मोरी, कौशल शर्मा, पिंकी डोसी, गुणमाला पिछोलिया, विनीता जैन, शेरू खाँन, भव्य गुप्ता, अमन मेहता, सहित सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, ग्राम रक्षक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। व्यापार संघ द्वारा एसपी का शाल ओढ़कर गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा ने किया।

# अंता : राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आज से

## नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल के संरक्षण में होगा आयोजन, तैयारियां पूरी

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**उस्मान खान**



अंता 14 फरवरी । मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अंता द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम अंता में राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज आज शनिवार से होगा।

प्रतियोगिता आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने बताया की राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी से 18 फरवरी तक किया जा रहा है। फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन के संरक्षक नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल के सानिध्य में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने बताया की शनिवार को प्रतियोगिता का उदघाटन दोपहर 12 बजे अतिथियों की मौजूदगी में होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश की श्रेष्ठ टीमें भाग ले रही है । मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष चमन पठान, सचिव रियासत अली, काशिफ खान,आसिफ खान पीईटी व राहिल खान ने बताया की फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

खेल मैदान को दुरुस्त कर आकर्षक बनाया गया है,लंबे समय बाद होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नगर के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है वो प्रतियोगिता शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है,आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने कहा की सभी के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जाएगा जहां खेल प्रेमियों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान होगा।

# अकलंक में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन, विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान

## माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन ही संतान का सबसे बड़ा धर्म

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी। भारतीय संस्कृति में माता-पिता को ईश्वर तुल्य सम्मान दिया गया है। इसी परंपरा को सजीव रखते हुए अकलंक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुरा में शुक्रवार को प्रात:कालीन सत्र में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था।


***दीप प्रज्वलन और कार्यक्रम का शुभारंभ***

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के माता-पिता का स्नेहपूर्ण स्वागत किया। प्रधानाचार्या ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए और अपने हाथों से बनाए गए हस्त निर्मित कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस प्रेमपूर्ण भाव को देखकर अभिभावक भावुक हो उठे।लगाए गए।

# नए मरीजों के लिए रविवार को नि:शुल्क कैंप का आयोजन

## - अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से एक नई पहल

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 14 फरवरी।अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा रविवार 16 फरवरी को नए मरीजों के लिए एक निश्शुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस ने बताया कि बहुत से लोग मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से परेशान तो रहते हैं लेकिन वित्तीय रूप से कमजोर होने की वजह से परामर्श नहीं ले पाते हैं, जिससे बीमारी का समय रहते इलाज नहीं हो पाता और बीमारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जाती है। लोगों की सेवा और ठीक से उपचार समय रहते मिले इस उद्देश्य से इस निशुल्क कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग आएं और अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक कदम बढ़ाएं। इस कैंप में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में नए मरीजों के लिए निश्शुल्क परामर्श, निश्शुल्क ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच शामिल होंगी। कैंप का समय दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक रहेगा।

अफिनिटी हॉस्पिटल द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और आमजन की मदद के लिए एक टॉल फ्री नंबर 18008906996 भी जारी किया गया है, साथ ही हॉस्पिटल से संपर्क करने के लिए 6350180497 या 8005649782 पर कॉल किया जा सकता है।

# पर्यावरण का संरक्षण और पौधारोपण ईश्वरीय कार्य : प्रज्ञा सागर महाराज

## - परी के स्मरण में लगाए 108 पौधे, ग्रीन आर्मी के प्रेरणा से पौधारोपण अभियान हुआ तेज

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। कोटा शहर में ग्रीन आर्मी की प्रेरणा से लोग अब जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ व पुण्य स्मृति में पौधा रोपण कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प ले रहे हैं। शहीद भगत सिंह पार्क, राजीव गांधी नगर कोटा पर आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य व्याख्यान वाचस्पति,अनन्त मुस्कुराहट के धनी, पर्यावरण प्रेमी,

तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद व सानिध्य में लाड़ली बेटी स्व. सुश्री परिधि जैन %परी% (सुपुत्री अजय-संजना) की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर 108 पौधे लगाए गए और उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया, उनकी सदा ही देखभाल की जिम्मेदारी ली गई। इस अवसर पर प्रज्ञा सागर जी महाराज ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और पौधारोपण ईश्वरीय कार्य है इस कार्य में हम सभी को तन्मयता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है, ग्रीन आर्मी का यह कार्य सराहनीय है।



ग्रीन आर्मी की अध्यक्ष अध्यक्ष मंजू जैन ने बताया कि यह अभियान निरंतर गति पकड़ता जा रहा है और पूरे वर्षभर पौधे लगाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर नीता डांगी, प्रवक्ता रितेश जैन, सोसाइटी विधि सलाहकार राम गोपाल शर्मा, लोकेश कुमार जैन, यतीश खेड़ा, राजेन्द्र बज, अंकुर गोधा, महावीर प्रसाद उपस्थित रहे। स्व. परिधि के पिताजी अजय जैन ने बताया कि ग्रीन आर्मी ने हमारी पुत्री की स्मृति में बहुत अच्छा पौधारोपण कार्य करने में सहयोग किया है। इस दौरान अशोक, चीकू, सीताफल, नीम, अर्जुन, कदंब, बादाम आदि के पौधे लगाए गए।

# कोटा उत्तर में अन्नपूर्णा रसोई घर का किया निरीक्षण



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा, 14 फरवरी। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देश पर उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने शुक्रवार को नगर निगम द्वारा स्टेशन क्षेत्र में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया और भोजन ग्रहण कर रसोई में बनने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि स्टेशन क्षेत्र में निगम की 5 श्री अन्नपूर्णा रसोइयां संचालित है। जिनमे आमजन को गुणवत्ता पूर्ण भोजन करवाया जा रहा है। उन्होने बताया कि भोजन की थाली में 300 ग्राम चपाती,100 ग्राम दाल,100 ग्राम हरी सब्जी, 100 ग्राम खिचडी व अचार उपलब्ध कराया जाता है। आमजन प्रात: 09 से दोपहर 01 बजे तक तथा सांय 05 से 09 बजे तक इन रसोइयों में भोजन कर सकते है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने किया श्री अन्नपूर्णा रसोई का उद्घाटन



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में तेजाजी चौक चौराहा सोगरिया में श्री अन्नपूर्णा रसोई का फीता काटकर उद्घाटन किया । जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना भाजपा की राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है,आज कार्यक्रम संयोजक अर्चना भार्गव ने इस श्री अन्नपूर्णा रसोई की शुरूआत की है। इस रसोई में गुणवत्ता एवं साफ - सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

इस अवसर पर राजेश शर्मा, बोरखेडा मण्डल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पंकज वात्स्य, मुकेश मेघवाल, शीतलमल गोयल, साधना चौपडा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# रोटरी क्लब कोटा का दिव्यांगजन सहायता शिविर 22 से 24 फरवरी तक

## श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से होंगे उपकरण वितरित

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा, 14 फरवरी। रोटरी क्लब कोटा की ओर से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से भारत के सबसे बड़े दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् फरवरी माह में विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। अभियान के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के द्वारा रोटरी बिनानी सभागार में किया गया।

क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 15-16 फरवरी को केलवाड़ा, 19-20 फरवरी को इटावा, 22, 23, 24 फरवरी को कोटा तथा 26-27 फरवरी बेगूं में शिविर लगाए जाएंगे। मनोहरथाना में 11-12 फरवरी को शिविर आयोजित किया जा चुका है। सचिव घनश्याम मूंदडा ने बताया कि रोटरी क्लब कोटा सदैव समाज के वंचित वर्गों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस महाअभियान के तहत लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को जयपुर फुट, कैलिपर्स, व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राय साइकल, श्रवण यंत्र जैसे आवश्यक उपकरण निशुल्क वितरित किए जाएंगे। जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुपम शर्मा एवं प्रवीण भंडारी ने बताया कि इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विशेष योग्यजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को सहूलियत, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करना है। यह सेवा अभियान न केवल दिव्यांगजनों को सहारा देगा, बल्कि समाज में समानता, सहानुभूति और सेवा भावना को भी सशक्त करेगा। शिविरों की तैयारियों को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सैकड़ों दिव्यांगजन सहायता उपकरण प्राप्त करने के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय ने बताया कि रोटरी क्लब कोटा समाज के सभी वर्गों से इस महान सेवा यज्ञ में सहभागी बनने की अपील करता है।

यह महायज्ञ तभी सफल होगा जब आमजन भी अपनी आहुति प्रदान करेंगे। यह एक ऐसा अवसर है, जहां हम अपने समाज के उन साथियों के जीवन में रोशनी भर सकते हैं जो इसकी सबसे अधिक आवश्यकता रखते हैं। प्रवक्ता संजय गोयल ने समाज से अपील करते हुए कहा कि सेवा का यह महायज्ञ, आमजन की आहुति से ही पूर्ण होगा। आइए, एक कदम आगे बढ़ाएं और जरूरतमंदों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने के इस महान अभियान का हिस्सा बनें।

# झालावाड़ 100 दिवसीय टी.बी. कैम्पेन... भारत सरकार की टीम ने किया निरीक्षण

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**राकेश रावल**



झालावाड़ 14 फरवरी। 100 दिवसीय टी.बी. कैम्पेन कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार से आये एनएचआरसी के सलाहकार डॉ. गुरुवीर सिहं एवं डॉ. रिचा शर्मा वरिष्ठ सलाहकार एवं सुश्री दिक्षा फैलो एनएचआरसी द्वारा जिले में चल रहे 100 दिवसीय टीबी कैम्पेन कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया एवं उपजिला चिकित्सालय पर टीबी कैम्पेन संबंधित समस्त जानकारी ली।

निरीक्षण उपरान्त बकानी खण्ड स्थित नानोर में आयोजित हो रहे निक्षय शिविर का निरीक्षण किया गया। टीम के साथ डॉ. साजिद खान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झालावाड़, डॉ. मुकेश बंसल जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे।

100 दिवसीय टी.बी. कैम्पेन नि-क्षय शिविर का आयोजन आज 13 फरवरी शुक्रवार को बकानी ब्लॉक की रिछवा पंचायत में किया गया ।

इस अवसर पर टी.बी. कार्यक्रम के अन्तर्गत वनरेबल पॉपूलेशन के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी जिसके तहत पोर्टेबल एक्स-रे के माध्यम से 71 व्यक्तियों का एक्स-रे किया गया। जिसमें 22 एक्स-रे में एबनॉरमलटी पाये जाने वाले मरीजों का स्पूटम सेम्पल कलैक्ट कर सुनेल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नॉट करवाने हेतु भिजवाया गया। उक्त शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मुकेश बंसल, द्वारा मरीजों को टीबी रोग के प्रति जागरुक किया गया साथ ही टीबी रोग की आईईसी का प्रदर्शन भी किया गया ।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नि-क्षय मित्र योजना के तहत 6 नि-क्षय मित्रों द्वारा टीबी के 19 मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की एवं शिविर में पधारे सभी गणमान्य नागरिक बंधुओं से नि-क्षय मित्र बनने एवं टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने की अपील की गयी ।

15 फरवरी को बकानी ब्लॉक की खेरिया एवं टेकला पंचायत पर नि-क्षय शिविर का आयोजन किया जावेगा।

दैनिक कोटा ब्यूरो
15 फरवरी 2025

# स्काउट गाइड्स ने रैली के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

## स्वच्छ राजस्थान सुंदर राजस्थान की थीम के साथ जिला स्तरीय डायमंड जुबली स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का विधिवत् शुभारंभ

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा, 14 फरवरी। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड कोटा जिले की ओर से पांच दिवसीय जिला प्रतियोगिता रैली का शुक्रवार को दशहरा मैदान में कलर पार्टी द्वारा झंडारोहण के साथ विधिवत् शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन थे। अध्यक्षता स्काउट गाइड जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप माथुर, सामाजिक न्याय एवं बाल अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक मनोज मीणा, शिवशक्ति अस्पताल के निदेशक डॉ. मनोज नागर थे। अतिथियों ने मार्चपास्ट की सलामी दी। मंचासीन अतिथियों के साथ फतेहचंद बागला, अरुण भार्गव आरके शर्मा ने रैली पुस्तिका कर्तव्य पथ का विमोचन किया। स्वागत उद्बोधन यज्ञदत्त हाडा एवं धन्यवाद प्रकाश जायसवाल ने दिया। सायंकॉल को कैंप फायर का आयोजन राज्य प्रधान सुमन श्रृंगी और समाजसेविका जेस्मिन मेवाड़ा के सानिध्य में हुआ।




राकेश जैन ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। आपातकाल के दौरान सीमित संसाधनों में भी जीवन यापन की सीख मिलती है।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता रैली में शुक्रवार को ग्रुप स्तर पर बीपी सिक्स प्रतियोगिता, शिविर कला प्रतियोगिता, मार्च पास्ट प्रतियोगिता, व्यायाम प्रदर्शन प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, कलर पार्टी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, प्राथमिक सहायता, कैंप क्राफ्ट शिविर कला, पेट्रोल पायनियरिंग, टेंट पिचिंग स्टीमेशन, पेट्रोल इन काउंसिल प्रतियोगिता, स्किल ओ रामा, पारंपरिक पहनावे में एथेनिक फैशन शो, कैंप फायर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर प्रकाश जायसवाल ने कहा कि इस रैली के माध्यम से स्काउट गाइड का शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास होगा। जिसके लिए राष्ट्रीयता से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सीओ स्काउट बृजसुंदर मीणा तथा सीओ गाइड प्रीति कुमारी ने बताया कि रैली का समापन 17 फरवरी को होगा। इस प्रतियोगिता रैली में कोटा जिले के विभिन्न स्थानीय संघ कोटा दक्षिण, कोटा, रामगंजमंडी, कनवास, सांगोद, सुल्तानपुर, इटावा से लगभग 1 हजार स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं। इस दौरान जिला उपप्रधान विजय महेश्वरी, यज्ञदत्त हाडा, जिला सचिव रामबिलास रखवाला, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर गोपाल मिश्रा, सीओ स्काउट बृजसुंदर मीणा, सीओ गाइड प्रीति कुमारी, समाजसेवी अरुण भार्गव, जेस्मिन मेवाड़ा, सतीश बागला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

निर्णायक के रुप में रूपचंद, इंद्रराज दाधीच, दयाल सिंह, जसराज, योगेंद्र भारद्वाज, राज सिंह, नरेश चित्तौड़ा, श्याम मीणा, सोनिया सक्सेना, प्रदीप मीणा, सुरेंद्र चौधरी, जसपाल सिंह, लोकेश सैनी, श्याम गुप्ता, मनराज गुर्जर, प्रिया गोचर, लक्ष्मी, हेमलता, हिमांशी कोरपाल, गिरीशा, आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. अनुकृति 16वीं वर्ल्ड टूरिज्म कॉन्फ्रेंस में कीनोट स्पीकर के तौर पर करेंगी संबोधित

## वर्ल्ड कल्चरल टूरिज्म एसोसिएशन की ओर से 15-16 फरवरी को बैंकॉक में आयोजित होगी कान्फ्रेंस

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा, 14 फरवरी। कोटा विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक तथा कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुकृति शर्मा वर्ल्ड कल्चरल टूरिज्म एसोसिएशन की ओर से आयोजित 16वीं वर्ल्ड टूरिज्म कॉन्फ्रेंस में कीनोट स्पीकर के तौर पर संबोधित करेंगी। कांफ्रेंस 15- 16 फरवरी को बैंकॉक में आयोजित होगी। डॉ. अनुकृति कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए बैंकाक पहुंच चुकी हैं। वे 16 फरवरी को भारत में टूरिज्म मार्केट की संभावनाएं विषय पर पेपर प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत करेंगी।



डॉ अनुकृति को वर्ल्ड जनरल ऑफ टूरिज्म की एडिटोरियल बोर्ड मेंबर भी नियुक्त किया गया है। कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में 15 फरवरी को नियुक्ति का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस दौरान भारत से विदुषी चौधरी भी स्पीकर के तौर पर बैंकॉक गई हैं।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव महाकुम्भ में प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा, 14 फरवरी। पुरोहित जी की टापरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव महाकुम्भ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भामाशाह श्रीमती पीतांबरा राजे एवं अध्यक्षता सीबीईओ रामचरण मीणा द्वारा की गई। जबकि विशिष्ट अतिथि राजश्री सिंह, कान्ति हाड़ा, क्षत्राणी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष बृजराज सिंह, रेखा शेखावत रहे। अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ अंकों से पास होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बालकृष्ण बांकेथी, जगदीश तिवारी, मोहनलाल बैरवा, धर्म सिंह मीणा उपस्थित मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कुसुमलता मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। वार्षिकोत्सव में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु गार्गी पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थी नर्गिस बानो एवं टैबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयों को पुरस्कृत किया गया।

# स्पीकर बिरला के स्वच्छता अभियान के तहत छोगा जी की बावड़ी की सफाई

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा कोटा शहर में चलाए गए। स्वच्छता अभियान के तहत छोगा जी की बावड़ी की सफाई की गई। इस अभियान के अंतर्गत रामपुरा मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश महावर ने बताया कि लाडपुरा स्थित 500 वर्ष पुराने प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के पास बनी इस ऐतिहासिक बावड़ी को साफ करने का कार्य किया गया। इस सफाई अभियान का नेतृत्व मंदिर समिति उपाध्यक्ष नंदकिशोर महावर और मंडल प्रतिनिधि महेंद्र गर्ग ने किया। सफाई के दौरान 2 एचपी की तीन मोटरों का उपयोग कर करीब 12 से 15 फुट तक गंदा पानी बाहर निकाला गया। साथ ही, बावड़ी की दीवारों पर जमी गंदगी, फफूंद और कचरे को भी पूरी तरह हटाया गया। इस सफाई अभियान में सुरेंद्र महावर, तेज सिंह चौहान, जीतू महावर, दिलीप चतुर्वेदी, केशव मित्तल, अजय सेनी, जस्सू सुमन, हुकुमचंद महावर, दीपक महावर, शैलेंद्र महावर और दीपक बाबा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुलवामा शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन

## छात्र-छात्राओ और पुलिसकर्मियों ने उत्साह से किया रक्तदान

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में लैंडमार्क सिटी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, पुलिसकर्मियों, मीडिया कर्मियों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर समाजसेवा की भावना को मजबूत करना था। रक्तदान शिविर में 150 से अधिक यूनिट रक्तदान एकत्र हुआ। रक्तदान शिविर की शुरुआत सुबह से हुई, जो देर रात 8 बजे तक चला। इस दौरान करीब 150 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी भाग लिया। इस मौके पर कुन्हाडी थाना सीआई अरविंद भारद्वाज ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 卐शहीदों के नाम रक्तदान शिविर आयोजित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।



# रक्तदान भी देशभक्ति की पहचान है

## -जेसीआई एलिगेंस महिलाओं द्वारा पुलवामा हमलें में शहीद जवानों को रक्तदान कर दी श्रृद्धांजलि

## - 12 महिलाओं ने रक्तदान कर देशभक्ति का दिया परिचय, कुल 29 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को टीम जीवनदाता, जेसीआई एलिगेंस, अमृत हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर पुलवामा हमले में हुए शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की । एलिगेंस की अध्यक्ष गुंजीत जोहर व सचिव मनदीप साहनी,अस्पताल निदेशक रेणु मिश्रा ने बताया कि हम सभी का यह नैतिक दायित्व है कि हमारे जवानों को हम हमेशा याद करें, सरहद पर उनकी सलामती की दुआ करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ नित्यानंद शर्मा को आमंत्रित किया गया । डॉ नित्यानंद ने बताया कि पुलवामा हमले में जो जवान शहीद हुए उन्हें याद करने का रक्तदान एक अच्छा माध्यम है, ताकि हम किसी के जीवन को बचा सकें। सचिव ने कहा कि देशभक्ति दिखाने का जज्बा हम सभी में है लेकिन माध्यम नहीं मिलता, ऐसे में रक्तदान करना ही सच्ची सेवा और परोपकार का कार्य है। महावीर नगर विस्तार में आयोजित शिविर में 29 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। प्रोजेक्ट् डायरेक्टर तरुणा गुप्ता ने पति बेटे के साथ रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की , वही अनुपमा सिस्टर ने अपनी दो बेटियों को रक्तदान करवाया। महिलाओं में रक्तदान करने वालो में डॉ पायल सरीन , कल्पना विजय , श्रुति सावलदिया, ज्योति सारा , नमिता श्रीवास्तव, निधि गुप्ता , श्वेता शर्मा सहित लगभग 12 महिलाओं ने रक्तदान कर देशभक्ति की मिसाल पेश की । इस अवसर पर टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने कहा कि एक और सरहद पर जवान अपने प्राणों की बाजी लगाकर हम सभी की रक्षा करते हैं, वही दूसरी और रक्तवीर भी रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने का प्रयास करते हैं। वीर सपूतों को याद करने के कई माध्यम हो सकते हैं लेकिन रक्तदान सर्वोपरि है।

***-ये बनी रक्तवीरांगना***

पायल सरीन , लक्ष्या गुप्ता , मनदीप साहनी, गुंजीत जौहर , तरुणा गुप्ता , नेहा शर्मा , नमिता श्रीवास्तव , रेणु मिश्रा , निधि गुप्ता, शिवानी शर्मा , चेतना , ज्योति शर्मा

# टेक्निकल बोनान्जा में माँ भारती स्कूल के विद्यार्थियों की विजय




**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। माँ भारती के विध्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कि ओर से पायथागोरस स्टार मैथमेटिक्स बायो ब्रिलियंस , क्योरिसिटी (जी. के. क्विज) टेक आर्ट (ड्राइंग) निर्मिना ( साइंस मॉडल ) कम्पटीशन में भाग लिया। जिसमे ड्राइंग कम्पटीशन में 8वीं कक्षा के छात्राओं आरवी गर्ग ने प्रथम पुरुस्कार के रूप में 7000 रूपये कि राशि नकद पुरुस्कार, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, कक्षा 9वीं का विद्यार्थी जयदित्य ने जी. के. क्विज में तृतीय पुरुस्कार के रूप में 3000 रुपये कि राशि नकद पुरुस्कार , यज्ञ राठौर व् इशिका ने साइंस मॉडल कम्पटीशन में 3000 रुपये तथा बायोक्विज में चित्रांशी राठौर ने सांत्वना पुरुस्कार प्राप्त किया ।इसी दौरान स्कुल डायरेक्टर उर्वशी विजय ने सभी मेधावी विद्यार्थियों कि प्रंशसा की। साथ ही प्रिंसिपल मोनिका मालिक ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए जीवन में आगे बढने की प्रेरणा दी ।

# मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुआ नेत्रदान

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। पाटनपोल निवासी श्यामलाल नामा का आकस्मिक निधन मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट विंग में हुआ। मरीज श्यामलाल गुरुवार को सुपर स्पेशलिस्ट विंग भर्ती हुए थे। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार शर्मा एवं दीपिका अवस्थी ने नेत्रदान के लिए परिवार को प्रेरित किया। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर की प्रेरणा से श्याम लाल के पुत्र नारायण लाल और उमाशंकर ने नेत्रदान की सहमति दे दी। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अरविंद शर्मा ने नेत्रदान की सूचना नेत्र विभाग के नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाड़ा को दी। आई बैंक के टिंकू औझा द्वारा श्याम लाल के नेत्र संकलित किए गए।

# आम सूचना बेदखली

दिनांक 14-9-2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान 1-एनुदीन उम्र 72 वर्ष पुत्र स्व0 मोहम्मद हुसेन 2- श्रीमति हारून बाई पत्नि एनुदीन आयु 70 निवासी ग्राम गरडाना देवली तहसील सांगोद जिला कोटा ने अपने पुत्र गुलामुददीन उर्फ बन्नू आयु 34 वर्ष नि0 हाल कोटा के व्यवहार व गलत आचरण के कारण उससे अपने संबंध समाप्त कर लिये है तथा हमारे मकान व अन्य चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब हमारा उससे कोई संबंध नहीं रहा है। यदि कोई व्यक्ति गुलामुददीन उर्फ बन्नू आयु 34 वर्ष नि0 2बी -4 छत्रपुरा तालाब विज्ञान नगर कोटा से किसी प्रकार का लेन देन या अपराधिक कृत्य करता है या समव्यवहार करता है तो उसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होगे। इससे हमारा कोई संबंध नहीं होगा।

**जाकिर हुसेन एडवोकेट कोटा**
**मो. नं. 9829197367**

# कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण,कोटा

क्रमांक/एफ-15/कृ.भू.रू/2025/ दिनांक 13.02.2025

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा कृषि भूमि पर बसी निम्न अनुमोदित कॉलोनी के पट्टे हेतु आवेदन प्राप्त हुए है ।, जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर आपत्ति दर्ज करवा सकता है, मियाद निकलने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

| क्रं. सं | आवेदक का नाम मय पिता | कॉलोनी का नाम | भू.सं. | खसरा नं. | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री इनायत हुसैन पठान पुत्र श्री मोहम्मद याकुब पठान | आनन्द विहार | 70 | 434, 436,437 | नयाखेड़ा |

उक्त विज्ञप्ति केवल आमंत्रण के लिए है, मूल दस्तावेज व अन्य जांच के उपरान्त ही पट्टा जारी किया जाएगा

**उपायुक्त**
**कोटा विकास प्राधिकरण,कोटा**

# एसआरटी बनाम मास्टर ब्लास्टर के बीच होगा फाइनल

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी कोटा द्वारा विंटर बैटल कप अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि के दूसरे सेमीफाइनल मैच में -एसआरटी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन का स्कोर बनाया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष ने 61 रन की अर्धशतकीय पारी खेली तथा सागर गौतम ने 30 रन व माहिरा खान ने 16 रन का योगदान किया। कौटिल्य टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए सोहैल मोहम्मद, युग पारेता, किशन भाटी ने दो-दो विकेट लिए तथा आदित्य, फैजल खान ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कौटिल्य टीम सभी विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अरबाज खान ने 40 रन, हिमांशु ने 30 रन, अभय ने 29 रन बनाए। एसआरटी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए माहिरा खान ने चार विकेट, अरशद हुसैन ने तीन विकेट तथा शमीम शाह, आयुष, हर्षित ने एक-एक विकेट लिया। एसआरटी टीम ने यह मुकाबला 41 रन से जीतकर प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान बना लिया जहां टीम का सामना मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी से होगा।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल सम्बल योजना : लाभान्वित होंगे दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे

## दुर्लभ 56 बीमारियों से पीडित को मिलेगा अनुदान

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**राकेश रावल**

झालावाड़ 14 फरवरी। राजस्थन सरकार द्वारा दुर्लभ बीमारीयों से पीडित बालक, बालिकाओं को जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है को राहत देने के उद्देश्य से पालन-पोषण, ईलाज एवं अन्य सुविधाओं की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल सम्बल योजना के तहत अनुदान राशि मिलेगी। ताकि उस बालक, बालिका के दायित्वों का निर्वाह कर सके। इसका राज्य के ऐसे बालक, बालिका जो दूर्लभ बीमारी से पीडित है को समुचित ईलाज, देखभाल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार की आरे से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधान को सुनिश्चत करना है ।ऽ दुर्लभ बीमारी से पीडित बालक, बालिका के माता-पिता, पालनकर्ता के लिए आय सीमा लागू नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल सम्बल योजना में विभाग द्वारा चिन्हित 56 दुर्लभ बीमारीयों के बालक, बालिकाऐं ही पात्र होगें। चिकित्सा विभाग एवं जिला प्रशासन उन सभी जिले के 56 दुर्लभ बीमारी से पीडित बालक, बालिका के परिजनों से अपील करता है की योजनान्तर्गत अपना पंजीकरण नियमानुसार तुरन्त करवाना सुनिश्चित करे ताकि योजना में मिलने वाली सहायता राशि से आपको सम्बल मिले।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 15 व 16 को

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 14 फरवरी। मिसबाह एजुकेशन एंड वेल्फेयर संस्थान की ओर से 15 फरवरी स्टेशन व 16 फरवरी रंगतालाब को नेत्र शिविर लगाया जाएगा अध्यक्ष फैजान उल हक ने बताया कि ऑपरेशन डॉ सुधीर गुप्ता करेंगे संस्था के पदाधिकारियों अफसार, इम्तियाज़,मोहसिन,वसीम, माजिद ,रियाज़,शीहान, ईद मोहम्मद ने पोस्टर का विमोचन किया शिविर इमाम बाड़ा,स्टेशन व दारूल उलूम अता ए रसूल,रज़ा नगर रंगतालाब में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा। मरीजों को आवास,भोजन,दवाइयों, ऑपरेशन नि:शुल्क किया जाएगा।




मालिक, प्रकाशक और मुद्रक नवनीत कुमार गुप्ता के लिए राजा प्रिंटर्स विज्ञान नगर से मुद्रित होकर प्रधान कार्यालय 6 बी 23 विज्ञान नगर विस्तार से प्रकाशित ।प्रधान संपादक कय्यूम अली एवं कार्यकारी संपादक हरिमोहन शर्मा। मो. 9549900005, 9549900006

